## कार्यालयः गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर ।

पत्रांकः 903 /गो0वि0प्रा0/2018–19, दिनांकः 14/01/2019

# कार्यादेश

सेवा में,

**मेसर्स एस्प्रा लाईफ स्पेशेज,**
जरिये निदेशक श्री अपून सराफ,
बलदेव प्लाजा, गोलधर, गोरखपुर।

महोदय,

कृपया आप द्वारा एस्प्रा लाईफ स्पेशज जरिये निदेशक श्री अनूप सराफ व अन्य के नाम से मोहल्ला–तालरामगढ़, गोरखपुर के अन्तर्गत तलटप मानचित्र संख्या–1303/2017 प्राधिकरण मे स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है, जिसकी तकनीकी स्वीकृति दिनांक 04.12.2017 के उपरान्त प्राधिकरण की बोर्ड 108वीं के बैठक के मद संख्या–108.11 में लिये गये निर्णय के अनुसार स्वीकृति प्रदान की गयी है।

तकनीकी रूप से स्वीकृत तलपट पर आप द्वारा प्रस्तुत आगणन एंव विशिष्टियों का परीक्षण करने के उपरान्त दिनांक 09.01.2019 को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। आप द्वारा समस्त विकास कार्य प्रोविजनली रूप से स्वीकृत ले–आउट तथा प्रस्तुत किये गये विशिष्टियों एंव आगणन के अनुसार ही सम्पादित कराया जायेगा। प्रोविजनली स्वीकृत ले–आउट की एक प्रति संलग्न है, जिसके अनुसार आपको प्रस्तावित स्थल पर विकास कार्य कराया जाना है, जिसमें कोई भी परिवर्तन बिना प्राधिकरण की अनुमति के नहीं किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आप द्वारा स्थल पर कोई भी निर्माण/विकास कार्य मा0 राष्ट्रीय हरित अभिकरण के आदेशों के अन्तर्गत ही किया जायेगा। उपरोक्त शर्तो के साथ एंव पूर्व प्रेषित पत्रांक 685/मा0अनु0/ गो0वि0प्रा0/2017–18, दिनांक 22.01.2018 द्वारा सूचित शर्तो के अधीन आपको स्थल पर विकास कार्य कराये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**संलग्नकःउपरोक्तानुसार।**

10.1.19

**सचिव,**
गोरखपुर विकास प्राधिकरण,
गोरखपुर।

**पत्रांक एवं दिनांक तदैव।**

**प्रतिलिपिः–**

1– उपाध्यक्ष महोदय को अवलोकनार्थ प्रेषित।

2– मुख्य अभियन्ता/प्रभारी अधिकारी नियोजन, गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर को उक्त स्वीकृत ले–आउट की एक प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है, कि उक्त तकनीकी रूप से स्वीकृत तलपट मानचित्र के अनुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

3– अधिशासी अभियन्ता को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

4– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता(मानचित्र/वाद), गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

5– मानचित्रक को अनुपालनार्थ प्रेषित।

**सचिव,**
गोरखपुर विकास प्राधिकरण,
गोरखपुर।